Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding conversion of NH-28 from Mazaffarpur to Barauni into four-lane.

श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर): महोदय, हमारे संसदीय क्षेत्र मुजफ्फरपुर से होते हुए बरौनी तक राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-28 को फोर लेन में तब्दील करने की आवश्यकता है।

महोदय, यह सड़क माननीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय जी और माननीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री गिरीराज सिंह जी के संसदीय क्षेत्रों से होकर गुजरता है। इस राजमार्ग के फोर लेन में तब्दील होने से उत्तर बिहार के लोगों के समग्र विकास को गति मिलेगी। उक्त राजमार्ग को फोर लेन में तब्दील करने की चिर प्रतीक्षित मांग से माननीय सड़क परिवहन एवम् राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी व्यक्तिगत तौर से अवगत हैं। माननीय मंत्री जी ने स्वयं मुजफ्फरपुर के एक सभा में मेरी मांग पर मंच से हजारों लोगों की उपस्थिति में इसको फोर लेन में तब्दील करने की घोषणा की थी, लेकिन लंबे इंतजार के बाद भी इस संबंध में उठाए गए सकारात्मक कदम की चर्चा के अलावा भौतिक रूप में कुछ भी काम होता नहीं दिख रहा है। ऐसे समय में जब माननीय मंत्री श्री नितिन गडकरी जी के नेतृत्व में हम सड़क के क्षेत्र में विश्व कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं, जिस पर पूरे देश को नाज हो रहा है। ऐसे में जमीन पर कोई कार्य दिखाई नहीं देने से आम जनों में आक्रोश व्याप्त है।

आपके माध्यम से माननीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री जी से मांग करना चाहूंगा कि जनहित में यथाशीघ्र राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-28 के कार्यारंभ की प्रक्रिया को मूर्त रूप दिया जाए।